आज लखनऊ,13 नवम्बर, 2026

एक नजर

घर के अंदर फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमेठी। थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटकता पाया गया।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र संग्रामपुर के खेदा गांव में 30 वर्षीय मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र राम अभिलाष पांडेय का शव घर के अंदर फंदे से लटकता पाया गया।थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।बताया जा रहा है कि युवक पूना में रहता था दीपावली के त्योहार पर वह घर आया था। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जिले में 16 नवंबर से शुरू होगी स्किल इंडिया प्रतियोगिता

अमेठी। युवाओं के कौशल विकास तकनीकी दक्षता एवं रोजगारपरक क्षमताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत जनपद अमेठी में स्किल इंडिया कॉम्पिटिशन-2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में पंजीकृत अभ्यर्थियों की परीक्षाएं 16 नवंबर 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में आयोजित की जाएंगी। सभी निर्धारित परीक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 11बजे से प्रारंभ होंगी। जिला समन्वयक एवं नोडल प्रधानाचार्य शिवाकान्त द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के लिए पिछले कुछ महीनों से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण संस्थानों एवं शिक्षण विद्यालयों के अभ्यर्थियों का पंजीकरण कराया गया था। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न ट्रेडों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

करोड़ों के निवेश से ग्रीन अमोनिया प्लांट स्थापित करेगा एसीएमई ग्रुप

अमेठी। प्रदेश सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों एवं जिला प्रशासन के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप विभिन्न औद्योगिक समूह जनपद में निवेश की संभावनाओं का आकलन कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को देश की अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसीएमई ग्रुप के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने जनपद अमेठी का भ्रमण किया।एसीएमई ग्ररुप द्वारा जनपद में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजना की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण की उपलब्ध भूमि का स्थलीय निरीक्षण एवं चिन्हांकन किया गया। कंपनी द्वारा जनपद में करोड़ों रुपये के अनुमानित निवेश से अत्याधुनिक ग्रीन अमोनिया उत्पादन इकाई स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तावित परियोजना के लिए भूमि की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की संभावनाओं का भी जायजा लिया गया।प्रस्तावित ग्रीन अमोनिया परियोजना की स्थापना से जनपद के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलने की संभावना है। परियोजना के निर्माण एवं संचालन से स्थानीय युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हो सकेंगे।

सृष्टि उत्पत्ति के आध्यात्मिक रहस्य सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

मुंशीगंज अमेठी। क्षेत्र के उलरा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथावाचक महाराज रविदेव शास्त्री ने सृष्टि विस्तार का प्रसंग सुनाया। उन्होंने राजा परीक्षित और सुखदेवजी के संवाद के माध्यम से संसार की उत्पत्ति और सृष्टि रचना का वर्णन किया। कथा के दौरान बताया कि राजा परीक्षित ने सुखदेवजी से संसार की उत्पत्ति और उसके आधार के बारे में जिज्ञासा व्यक्त की। इस पर सुखदेवजी ने देवर्षि नारद और ब्रह्माजी के संवाद का प्रसंग सुनाया। महाराज ने बताया कि प्रलय के समय संपूर्ण सृष्टि जलमग्न थी और भगवान श्रीहरि आदि नारायण योगनिद्रा में थे। भगवान के नाभि कमल से ब्रह्माजी प्रकट हुए। सृष्टि निर्माण का दायित्व मिलने पर ब्रह्माजी ने एक हजार दिव्य वर्षों तक तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें सृष्टि रचना का ज्ञान दिया।

दरवाजे पर ही जहरीले सर्प ने 18 वर्षीय युवक को डसां

सुल्तानपुर। कुड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहगौली में बुधवार रात करीब 8:40 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव निवासी राजेश तिवारी के लगभग 18 वर्षीय पुत्र ऋषभ तिवारी को उनके घर के दरवाजे पर ही जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। ऋषभ तिवारी को सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।

समाज सेवा में उनके योगदान को किया गया याद

सुल्तानपुर। बयालसी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी स्व. शिवप्रसाद तिवारी के आकस्मिक निधन पर आज ब्राह्मण समाज सुल्तानपुर के तत्वावधान में आज दिनांक 12.11.2026 दिन बृहस्पतिवार स्थान आर.एस. मॉल, पयागीपुर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख श्री राम शब्द मिश्र ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज श्री सुभाष चंद्र तिवारी (एडवोकेट) द्वारा की गई।सभा के दौरान उपस्थित वक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने स्व. तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नम आँखों से श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र तिवारी (एडवोकेट) ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, स्व. शिवप्रसाद तिवारी जी द्वारा समाजहित में किए गए सामाजिक कार्य अतुलनीय हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में सदैव समाज सेवा और जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई, जिनकी कमी समाज को हमेशा खटकेगी। उनका पूरा जीवन परोपकार और निष्काम सेवा को समर्पित था।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रमुख राम शब्द मिश्र ने भी उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

खेलों से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास -डॉ. दिनेश सिंह

लम्भुआ सुल्तानपुर। पब्लिक इंटर कॉलेज चौकियां के प्रांगण में परसरामपुर न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिनेश सिंह, ग्राम प्रधान अमरसेन सिंह एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया।मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, भाईचारा, सहयोग और समानता की भावना विकसित होती है। ग्राम प्रधान अमरसेन सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर 50, 100 और 200 मीटर दौड़, रिले रेस एवं कबड्डी की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। 100 मीटर उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में परसरामपुर के अहम प्रथम, नरहरपुर चौकियां के ताबिश द्वितीय तथा बरेहता के फैज तृतीय रहे। बालिका वर्ग में बरेहता की माही प्रथम, सैतापुर सराय की रुखसार द्वितीय एवं परसरामपुर की अंशिका तृतीय रहीं।

कांग्रेस नेता अतुल सिंह का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मना

रायबरेली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं ऊंचाहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह का जन्मदिन पूरे धूमधाम से नेताओं, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सहित सैकड़ों लोगों ने मनाया। ऊंचाहार सीएचसी, जगतपुर सीएचसी, गौरा सीएचसी, रोहनिया सीएचसी, डलमऊ सीएचसी, लालगंज सीएचसी आदि जगहों पर मरीजों को मिठाई व फल बांटकर एवं जरूरतमंदों की सेवा करके जन्मदिन मनाया गया एवं श्री सिंह के रायबरेली कार्यालय पर सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर केक कटवाकर व मुँह मीठा कराकर जन्मदिन मनाया व सभी लोगों ने नेता को दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की।

बाइक की टक्कर किशोर घायल

शिवगढ़ (रायबरेली)। दो मोटरसाइकिल की आपस हुई टक्कर में पीछे बैठा मोटरसाइकिल सवार किशोर घायल हो गया। आनन-फानन घायल किशोर को सीएचसी शिवगढ़ लाया गया जहां उसका चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को शाम लगभग तीन बजे मोटरसाइकिल से जगन्नाथपुर जा रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत यशवंत खेड़ा मजरे बैंती के पास मोटरसाइकिल आपस में टक्कर हो गई जिसमें मोटर साइकिल पर पीछे बैठे सत्यम (15) पुत्र सुखमीलाल जयचन्दपुर घायल हो गया। घायल अवस्था में सत्यम को सीएचसी शिवगढ़ लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा इलाज कर घर भेज दिया गया है।

डीएम व एसपी ने छठ पूजा के दृष्टिगत राजघाट व शहीद स्मारक सई नदी घाटों का किया निरीक्षण



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने छठ पूजा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत राजघाट तथा शहीद स्मारक स्थित सई नदी के घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता से पूजा-अर्चना सम्पन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों पर भूमि समतलीकरण, बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पूजा से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं बेहतर ढंग से सुनिश्चित कर ली जाएं, जिससे महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुगम आवागमन तथा सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा के दौरान घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सके।

हाईवे पर बाइक सवार किशोर को चार पहिया वाहन ने कुचला, मौत

रामसनेहीघाट,बाराबंकी। हथौंधा चौकी क्षेत्र के मेडुवा कट के पास हाईवे पर तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों और पुलिस की मदद से उसे अहमदपुर टोला के पास पकड़ लिया गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में ले लिया है।जैदपुर थाना क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी उदयराज का पुत्र विकास अपने मामा के घर मेडुवा गांव में रहता था। गुरुवार को वह घरेलू काम से कोटवा सड़क जा रहा था। इसी दौरान मेडुवा कट के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से विकास उछलकर सड़क पर गिर पड़ा और वाहन उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।टोल प्लाजा की एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पुलिस ने भाग रहे वाहन को पकड़कर हिरासत में ले लिया।

नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से लाखों की ढगी



सेउता (सीतापुर)। रेउसा क्षेत्र में आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। पीड़िता अंशिका यादव ने आरोप लगाया था कि उससे नौकरी के एवज में 2 लाख 20 हजार रुपये की अवैध वसूली की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित आंगनबाड़ी कार्यालय पहुंचकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जानकारी ली। वहां उन्होंने आरोपी बाबू मनीष से आमने-सामने बातचीत की। विधायक के कड़े रुख के आगे बाबू मनीष ने पूछताछ के दौरान पैसे लेने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद विधायक ज्ञान तिवारी ने आरोपी को सख्त निर्देश दिए कि पीड़िता की पूरी धनराशि तत्काल वापस की जाए। विधायक के दबाव के बाद आरोपी बाबू ने 14 नवंबर तक पूरी रकम लौटाने का लिखित या मौखिक आश्वासन दिया है। इस पूरी घटना और विधायक-बाबू के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। विधायक ने पीड़िता को हरसंभव न्याय दिलाने और उसकी पाई-पाई वापस कराने का भरोसा दिया है। अब स्थानीय लोगों और पीड़िता की निगाहें तय की गई 14 नवंबर की समय-सीमा पर टिकी हैं कि आरोपी अपने वादे पर खरा उतरता है या नहीं।

बाइक ट्रैक्कर-ट्राली टकरायी, दो घायल

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र में हरगांव महोली मार्ग पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पाया लोड ट्रैक्टर ट्राली से टकराई। जिससे मोटरसाइकिल सवार सहित एक पैदल जा रहा व्यक्ति भी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हरगांव थानान्तर्गत हरगांव महोली मार्ग पर मंगलवार को ग्राम फिरोजपुर नयागांव निवासी बाईस वर्षीय युवक अनमोल सिंह पुत्र मचलू सिंह खमौना गांव से अपने घर आ रहे थे।

तीन दिन से लापता 18 वर्षीय युवक का गड्ढे में उतराता मिला शव

पहला (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता 18 वर्षीय युवक का शव बुधवार दोपहर करीब चार बजे ईदगाह के पास एक गड्ढे में उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं मृतक के पिता ने बेटे की मौत का कारण स्पष्ट करने के लिए चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने की मांग की है। मृतक की पहचान ग्राम छठवान वारिदहाल, फरदापुर मजरा जहांगीराबाद निवासी रामनरेश वर्मा उर्फमटरू के बड़े बेटे पुनीत कुमार उर्फपिंटू 18 के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, पुनीत 9 नवंबर की सुबह घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तीन दिनों तक खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह पिता रामनरेश गुमशुदगी की तहरीर देने देबियापुर पुलिस चौकी पहुंचे थे।

कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने परखी व्यवस्थाएं, साफ सफाई के निर्देश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। जगजीवन दास साहेब बड़े बाबा के कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने मेला परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों और मेला कमेटी के सदस्यों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र और अभरन सरोवर का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए कलकत्ते बाग, पितामह बाग, बरदाही परिसर के आधे हिस्से और पशु बाजार का जायजा लिया। उन्होंने अभरन सरोवर की सफाई कराने और वहां सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में स्थायी बैरीकेडिंग व्यवस्था भी देखी। पुजारियों को मेले के दौरान सभी सीसीटीवी कैमरे चालू रखने तथा पूर्वी फाटक से सनांवा मार्ग तक बैरीकेडिंग कराने को कहा।

लाखों खर्च कर बनाया आरआरसी सेंटर,उद्‌घाटन से पहले ही बना खंडहर



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। सरकारी योजनाओं में धन खर्च करने के बाद उनके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी है, इसका जवाब दरियाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत दनापुर कयामपुर में तलाशना मुश्किल है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों खर्च कर बनाया गया एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी सेंटर) उद्घाटन से पहले ही बदहाली का शिकार हो गया। जिस केंद्र से गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी थी, आज उसका परिसर गिट्टी-मौरंग डंप करने के काम आ रहा है।केंद्र परिसर में कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। चारों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर प्रधान के चहेतों का कब्जा है और सरकारी संपत्ति का निजी उपयोग किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष के अंत में आनन-फानन निर्माण कराकर सरकारी धन खर्च तो कर दिया गया, लेकिन केंद्र का संचालन शुरू कराने की जरूरत नहीं समझी गई। **सफाई के नाम पर खर्च, गांव में गंदगी बरकरार**गांव की सफाई व्यवस्था भी बदहाल है। गलियों और नालियों में गंदगी जमा है। घरों से निकलने वाला कूड़ा न तो आरआरसी सेंटर तक पहुंच रहा है और न ही उसके निस्तारण की कोई व्यवस्था है। कूड़ा संग्रहण के लिए पंचायत को उपलब्ध कराए गए ई-रिक्शा भी इस्तेमाल के अभाव में धूल फांक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मियों की सक्रियता भी धरातल पर नजर नहीं आती।**सवालों के घेरे में सरकारी धन का इस्तेमाल**जब लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया केंद्र ही संचालित नहीं हुआ तो निर्माण पर खर्च धन की उपयोगिता क्या रही? केंद्र के निर्माण और संचालन के लिए आवंटित बजट का कितना इस्तेमाल हुआ और उसकी निगरानी किसने की? सरकारी संपत्ति के परिसर में गिट्टी-मौरंग डंप करने की अनुमति किसने दी? इन सवालों के जवाब जिम्मेदारों को देने होंगे। मामले में ग्राम पंचायत सचिव अमन श्रीवास्तव ने जांच कराने की बात कही है।अब देखना यह है कि जांच केवल आश्वासन तक सीमित रहती है या सरकारी धन की बर्बादी और केंद्र की बदहाली के लिए जिम्मेदारी भी तय होती है।

बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं- शैलेन्द्र अग्निहोत्री

लालगंज (रायबरेली)। सरेनी विधानसभा की बेटी के संबंध में फेसबुक पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय समाज और संस्कृति में नारी एवं बेटियों का सम्मान सर्वोपरि है। किसी भी व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी महिला के चरित्र, गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला के सम्मान को आहत करने वाली ऐसी मानसिकता घोर निंदनीय और अस्वीकार्य है। वह स्वयं तथा संगठन के सभी कार्यकर्ता इस टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर संबंधित व्यक्ति की पहचान की जाए और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

छठ पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट

अमेठी। आगामी छठ महापर्व के दृष्टिगत जनपद में श्रद्धालुओं की सुरक्षा भीड़ प्रबंधन एवं संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि छठ पर्व के दौरान नदी घाटों तालाबों एवं अन्य पूजा स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा शासन एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाए। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि छठ महापर्व 13 नवंबर से 16 नवंबर 2026 तक मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के नदी घाटों तालाबों एवं अन्य पूजा स्थलों पर एकत्रित होने की संभावना है। इसे देखते हुए संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तहसील एवं संबंधित क्षेत्रों में आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित कर उनका प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। नियंत्रण कक्षों में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संपर्क नंबर उपलब्ध रहें ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समन्वय स्थापित किया जा सके। संभावित दुर्घटना वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएं तथा घाटों पर प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूजा स्थलों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही पर लगातार निगरानी रखी जाए। अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बैरिकेडिंग रस्सियों एवं संकेतक बोर्डों के माध्यम से भीड़ को व्यवस्थित किया जाए। भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे ड्रोन अथवा अन्य निगरानी तकनीकों का उपयोग किया जाए। सुरक्षा संबंधी निर्देशों के प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पीए सिस्टम) स्थापित कर संचालित की जाए। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में भीड़ के प्रवाह एवं निकासी को नियंत्रित करने के लिए प्रशिक्षित आपदा प्रतिक्रिया दल तैयार रखे जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि आयोजन स्थलों पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं प्राथमिक उपचार केंद्र एवं आपातकालीन चिकित्सा दलों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील नदी घाटों एवं तालाबों की पहचान कर वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए तथा सभी प्रमुख घाटों पर सुरक्षा बलों एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की जाए। घाटों की बैरिकेडिंग इस प्रकार कराई जाए कि श्रद्धालु अनजाने में गहरे पानी में न पहुंच सकें। नदी घाटों एवं तालाबों पर प्रशिक्षित गोताखोरों तैराकों एवं नावों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता के अनुसार लाइफ जैकेट इनफ्लेटेबल मोटरबोट एवं अन्य बचाव उपकरण उपलब्ध रखे जाएं। निजी नावों की आवाजाही पर भी निगरानी रखी जाए तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए जिससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित पुलिस अग्निशमन चिकित्सा एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

एक नजर

दो पक्षों में जमकर मारपीट,तीन लोग घायल

चांदा। चांदा कोतवाली क्षेत्र के सिंहौली गांव में दो पक्षों में आपसी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट हो गई। जिससे दोनों पक्षों से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएससी प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए लाया गया। चांदा क्षेत्र के सिहौली गांव में मनोज कुमार गौतम व पड़ोस के राम शंकर के बीच रंजिश बस वाद विवाद हो गया। इसके बाद दोनों में बात बढ़ गई। दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने लगे। इसके बाद मनोज कुमार गौतम की तरफ से उसकी बहन अर्चना गौतम भी बीच बचाव करने पहुंच गई। इसके बाद दोनों को चोटे आई। वहीं दूसरे पक्ष के रामशंकर को भी चोटे आई। मामले में मनोज कुमार व राम शंकर दोनों की तरफ से कोतवाली में लिखित तहरीर दी गई है। चांदा कोतवाली पुलिस ने दोनों ओर से चोटिल होने पर दोनों तरफ से मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सकों ने घायल मनोज कुमार व उसकी बहन अर्चना व दूसरे पक्ष के रामशंकर को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि दोनों पक्ष में मारपीट हुई है। दोनों तरफ से चोटिल होने के कारण दोनों पक्ष का मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

अतिक्रमण के विरोध में चाकूबाजी, मची अफरा-तफरी

हरदोई। शहर के महाराजा बिजली पासी चौक (जिन्द पीर चौराहा) पर अतिक्रमण के विरोध में ठेला संचालक और ऑटो चालक के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट और चाकूबाजी में बदल गई। बीच चौराहे पर हुई घटना से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक कैनाल रोड मोड़ पर अवैध सीएनजी ऑटो और डग्गामार वाहनों का कब्जा बना हुआ है, जिससे आए दिन जाम और अव्यवस्था की स्थिति रहती है। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अतिक्रमण हटाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस में बड़ा फेरबदल 27 निरीक्षक बाहर, 24 को मिली जिले में तैनाती

हरदोई। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस. ने 12 नवंबर को 162 निरीक्षकों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। इसमें हरदोई जिले से 27 निरीक्षकों को दूसरे जनपदों में भेजा गया है, जबकि अन्य जिलों से 24 निरीक्षकों को हरदोई में तैनाती दी गई है।हरदोई से उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली स्थानांतरित किए गए निरीक्षकों में संजय कुमार त्यागी, इंद्रेश कुमार यादव, हरिनाथ, अनिल कुमार, उमाकांत दीपक, बालकृष्ण मिश्रा, विद्यासागर, प्रेमसागर सिंह, वासुदेव यादव, मनोज कुमार सिंह, राजदेव मिश्र, इख्तियार हुसैन, मार्कण्डेय सिंह, प्रमोद कुमार यादव, प्रेमपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, अरविंद कुमार राय, नारायण कुमार कुशवाहा, राकेश सिंह यादव, राम अवध चौहान, राजेश कुमार शर्मा, निर्भय कुमार सिंह, उमेश त्रिपाठी, विनोद कुमार, रमेश कुमार द्विवेदी और विजय कुमार वाल्मीकि शामिल हैं। सूची में अनिल कुमार का नाम दो बार दर्ज है।

दो भाइयों को पीटा, छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

माधौगंज (हरदोई)। थाना क्षेत्र के हसनपुर ज्योली गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने दो भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र राजबहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर को सुबह करीब 11 बजे गांव के कुलदीप सिंह, रज्जन सिंह, नीर सिंह, गोलू, विवेक और पुष्पेंद्र सिंह शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई सचिन को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

औद्योगिक ईकाई के लिए खाली कराई जमीन

महमूदाबाद (सीतापुर)। बेहटा छावनी में लंबे समय से खाली पड़ी जमीन को तहसील प्रशासन ने जिला औद्योगिक केंद्र को स्थानांतरित कर दिया। यह भूमि करीब चालीस साल पहले मिनी इंडस्ट्रियल एरिया के लिए चुनी गई थी लेकिन आज तक एक इंडस्ट्री स्थापित नहीं हो सकी। प्रशासन ने गुरुवार को पुलिस बल की मौजूदगी में भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए जिला उद्योग केंद्र को कब्जा प्राप्त कराया।

तीन लाख की सम्पत्ति चोरी

महमूदाबाद (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सेमरा तकिया गांव में एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने पांच हजार की नकदी समेत जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार लखनऊ में इलाज करा रहा था। वापस आया तो देखा घर के ताले टूटे पड़े हैं। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की। सेमरा तकिया निवासी नवसाद पुत्र कादिर शाह के अनुसार उनकी बेटी जुलेखा को पुत्र का जन्म हुआ। इसी को लेकर पूरा परिवार लखनऊ में था। इसी बीच उनके बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने गले का हार, मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल सहित पांच हजार की नकदी पार कर दी। परिवार जब वापस आया तो देखा घर के ताले टूटे पड़े थे। पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल सत्येंद्र विक्रम ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

हादसे के बाद जाम लगाने पर 55 नामजद, 250 अज्ञात पर मुकदमा

निंदूरा, बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर बाबा कुटी तिराहे के पास सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत के बाद हंगामा और जाम लगाने के मामले में बड्डूपुर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने 55 नामजद और करीब 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रदर्शन के दौरान कराई गई वीडियोग्राफी के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।मंगलवार को लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र के एकदुनिया गांव निवासी अनिल यादव पत्नी पूनम और छह माह के बेटे अव्यांश के साथ बाइक से फतेहपुर से लखनऊ जा रहे थे। दोपहर करीब 1:05 बजे बाबा कुटी तिराहे के पास उनकी बाइक भारी वाहन से टकरा गई। हादसे में पूनम और अव्यांश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों को सीएचसी घुंघटेर ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों शव घटनास्थल पर लाने और सड़क पर रखने की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने लखनऊ-महमूदाबाद और बाबा कुटी-फतेहपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे सरकारी बसों, चारपहिया वाहनों और एंबुलेंस का आवागमन बाधित रहा।सूचना पर बड्डूपुर समेत घुंघटेर, कुर्सी और फतेहपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ और एसडीएम फतेहपुर ने भी प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। कुछ प्रदर्शनकारी लाठी-डंडे लेकर उग्र हो गए और सरकारी कार्य में बाधा डाली।

आवश्यकता है

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा सम्बद्ध पं. शिवदयाल शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर परैया नमकसार रायबरेली में शासन द्वारा स्वीकृत राज्यानुदानित उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा निर्गत अर्हता अध्यादेश के अनुसार अधोलिखित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लिए क्रमशः धनराशि 500/- एवं 350/- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रार्थियों के लिए आवश्यक है, के बैंक ड्राफ्ट जो प्रबन्धक पं0 शिवदयाल शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर पैरया नमकसार रायबरेली के नाम देय होगा। साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।रिक्त पदों का विवरण व शैक्षिक योग्यता-1. प्राचार्य 01 पद (क) व्याकरण / साहित्य विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि।(ख) पाँच वर्षों का स्नातकोत्तर स्तर के अध्यापन अनुभव।(ग) न्यूनतम आयु 30 वर्ष।2. सहायक अध्यापक व्याकरण 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।3. सहायक अध्यापक साहित्य 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।4. सहायक अध्यापक आधुनिक विषय हिन्दी 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।उपर्युक्त निर्धारित समय के उपरान्त एवं त्रुटिपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा। अभ्यार्थियों द्वारा जिस पद के लिए आवेदन किया जायेगा लिफाफे पर मोटे अक्षरों में अंकित किया जाएगा। आवेदन के साथ-साथ अभ्यर्थी अपना नाम पता लिखा दो लिफाफ रजिस्ट्री टिकट लगाकर अवश्य संलग्न करें। धन्यवाद।

भवदीय प्रबन्धक

(श्री लखन शुक्ल) पं0 शिवदयाल शुक्ल

संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर परैया नकमसार, रायबरेली-229305